# बिहार विधान परिषद

(203 बजट सत्र)

Short Notice Questions For Written Answers

## 24 मार्च 2023

----

[**शिक्षा - खान एवं भूतत्व - कला, संस्कृति एवं युवा विज्ञान एवं प्रावैधिकी** ].

Total Short Notice Question- 6

----

### नियुक्ति कबतक

*127 **प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

क्या **कला, संस्कृति एवं युवा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि बॉल बैडमिंटन खेल भारत का इंटीजीनियश खेल है जिसको भारत सरकार ने 1951 ई० में ही मान्यता दी है;

(ख) क्या यह सही है कि भारत सरकार द्वारा छः खिलाड़ियों को अर्जुन पुरस्कार से भी पुरस्कृत किया जा चुका है;

(ग) क्या यह सही है कि यह खेल ऑल इण्डिया Univ. Council भारत सरकार एवं एस०जी०एफ०आई० से भी मान्यता प्राप्त खेल है;

(घ) क्या यह सही है कि रेलवे बोर्ड, बैंक स्पोर्टस बोर्ड, इसरो (अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र) एन०एम०डी०सी०, पोस्टल विभाग सहित में भी बॉल बैडमिंटन खिलाड़ियों की नियुक्ति आन्ध्रप्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, तेलांगना, महाराष्ट्र आदि राज्यों में की जा रही है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या बिहार सरकार भी राज्य के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में ऐसे खिलाड़ियों की नियुक्ति करने का विचार

रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## भूखंड आवंटन कबतक

***128 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग का कार्यालय वर्तमान में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, बुद्ध मार्ग के अकादमिक भवन में स्थापित एवं संचालित है;

(ख) क्या यह सही है कि ऐसे महत्वपूर्ण आयोग की उपयोगिता एवं उपादेयता को दृष्टिपथ में रखकर इसके लिए अलग भूखण्ड आवंटित नहीं किया गया है जहां इस आयोग का अपना भवन हो, अपनी ही आधारभूत संरचना हो;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राज्यहित से जुड़े ऐसे महत्वपूर्ण आयोग के लिए मुख्यालय में ही अलग भूखण्ड आवंटित करते हुए इसके लिए आधारभूत संरचना का विकास करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## प्राथमिकी वापस लेने के संबंध में

***129 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर फरवरी, 2020 में हुए हड़ताल में सम्मिलित शिक्षकों के विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी को शिक्षा विभाग के पत्रांक – 812, दिनांक – 29.05.2020 के द्वारा वापस लिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि अधिकांश जिलों में प्राथमिकी वापसी की प्रक्रिया अबतक पूरी नहीं किए जाने के कारण शिक्षकों को संबंधित थाना के द्वारा जानबूझकर परेशान किया जाता है, जिसका उदाहरण सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सुप्पी थाना द्वारा शिक्षकों को बेवजह परेशान किया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सीतामढ़ी जिला के सुप्पी थाना के साथ-साथ राज्य के अन्य जिलों के हड़ताल में शामिल शिक्षकों के विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी को कबतक वापस लेने का विचार रखती है?

----

## नियमानुसार कार्रवाई

***130 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिवहर के कार्यालय में वर्षों से प्रतिनियोजित कर्मचारियों द्वारा मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा ड्यूटी बांटने में घोर अनियमितता की जा रही है एवं सरकार द्वारा पारित आदेश का उल्लंघन करते हुए विकलांग, शारीरिक रूप से अक्षम एवं वैसे प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों को भी परीक्षा ड्यूटी दे दी जाती है जहां दो या दो से कम शिक्षक हैं;

(ख) क्या यह सही है कि इन कर्मचारियों पर उत्कोच लेने एवं इसके बिना शिक्षकों को बेवजह तंग-तबाह करने का भी आरोप लगाया जाता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन आरोपों की जांच वरिष्ठ अधिकारियों से कराकर नियमानुसार कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## कम्प्यूटर शिक्षा शुरू कबतक

***131 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **शिक्षा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

(क) क्या यह सही है कि शिक्षा व्यवस्था में कम्प्यूटर की शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है, कम्प्यूटर शिक्षा से रोजगार की असीम संभावनाएं हैं;

(ख) क्या यह सही है कि नई शिक्षा नीति में कक्षा 06 से छात्रों के लिए कम्प्यूटर शिक्षा में कोडिंग का प्रावधान रखा गया है तथा नई शिक्षा नीति के अनुरूप राज्य के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में सरकार कम्प्यूटर शिक्षा में कोडिंग पढ़ाई शुरू करवाने का विचार रखती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाना चाहती है कि राज्य में कुल कितने माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कम्प्यूटर शिक्षकों को बहाल कर कम्प्यूटर शिक्षा शुरू कराने की योजना बना रही है?

----

## मेधासूची में वॉलीबॉल खिलाड़ियों को समाहित कबतक

***132 श्री तरुण कुमार (समस्तीपुर स्थानीय प्राधिकार):**

क्या **कला, संस्कृति एवं युवा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

(क) क्या यह सही है कि वर्ष 2020 में बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति नियमावली, 2014 (समय-समय पर यथासंशोधित) के प्रावधानों के आलोक में उक्त नियमावली की अनुसूची - 1 एवं 3 में उल्लेखित खेल प्रतियोगिताओं में शामिल खेल विधाओं के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की राज्य सरकार के समूह 'ग' के अंतर्गत लिपकीय संवर्ग एवं कार्यालय परिचारी के पदों पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रण हेतु विज्ञप्ति जारी की गई थी;

(ख) क्या यह सही है कि उपरोक्त नियमावली की अनुसूची - 1 एवं 3 में खेल प्रतियोगिता में शामिल खेल विधाओं में एक खेल विधा वॉलीबॉल भी है;

(ग) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित विज्ञापन के लिए आवश्यक अर्हता वाले उत्कृष्ट खिलाड़ियों ने भी निश्चित समयावधि में आवेदन किया था;

(घ) क्या यह सही है कि खंड 'ग' में विभाग द्वारा दिनांक – 23.12.2022 को प्रकाशित उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति हेतु प्रथम चरण की औपबंधिक मेधासूची में वॉलीबॉल के खिलाड़ियों को समाहित नहीं किया गया है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मेधासूची में वॉलीबॉल के खिलाड़ियों को समाहित नहीं करने से खिलाड़ियों में निराशा का भाव उत्पन्न होता है, इस भेद-भाव को खत्म करना चाहती है?

----